DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को बधाई,

हमने कुछ सप्ताह, माह, वर्ष और दशक हो गए हैं ये देखते हुए कि किस प्रकार से जातिवाद और असहिष्णुता ने अश्वेत समुदाय और अन्य गैर-श्वेत समुदायों को हानि पहुंचाई है। Derek Chauvin मामले ने कई लोगों में गुस्सा भर दिया है और दिल तोड़ा है, और ये सभी कुछ तब हुआ जब हम एक वैश्विक महामारी से जूझ रहे हैं।

मैं आशा करती हूँ कि यह फैसला हमारे सरकारी तंत्र और समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाएगा। DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) को अपनी विविधता पर गर्व है, और हमें कुछ लोगों की गलती के कारण इस महत्वपूर्ण विशेषता को भूलना नहीं चाहिए। मैं अपने शिक्षकों, कर्मचारियों, माता-पिता और अभिभावकों को प्रोत्साहित करती हूँ कि वे हमारे विद्यार्थियों से बात करें और इस त्रासदी की जानकारी देने में सहायता करें।

## MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम

डिस्ट्रिक्ट के MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम के लिए पंजीकरण का काम अब जारी है। इस कार्यक्रम के जरिए स्कूल डिस्ट्रिक्ट के शिक्षा से जुड़े केंद्रों यानी हमारे विद्यार्थियों, हमारे शिक्षकों का समर्थन किया जाता है और सुधार, वृद्धि, संवर्धन और सामाजिक भावनात्मक शिक्षा के जरिए विषयों को पढ़ाया जाता है। हमारा लक्ष्य है अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों, विकलांग विद्यार्थियों, और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सहित सभी विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना।

आमने-सामने, मिश्रित और वर्चुअल शिक्षा के जरिए विद्यार्थी शिक्षक द्वारा दिए अनुदेश और इच्छानुरूप विद्यार्थियों के लिए निर्देशित सबक से लाभ पाएंगे। विद्यार्थियों को प्रामाणिक, आकर्षक, और सार्थक अनुभव प्राप्त होगा।

कृपया पंजीकरण के लिए यहाँ क्लिक करें।

| कार्यक्रम | दर्शक | कार्यक्रम तिथि | प्रारूप |
|---|---|---|---|
| FLEX रीस्टोर | केवल HS पाठ्यक्रम पढ़ने वाले 8वीं ग्रेड के विद्यार्थी और ग्रेड 9-12 | 1 जून – 17 जून | डिस्ट्रिक्ट वर्चुअल |
| FLEX अहेड | सीनियर | 1 जून – 24 जून | डिस्ट्रिक्ट वर्चुअल |
| हाई स्कूल क्रेडिट रिकवरी | केवल HS पाठ्यक्रम पढ़ने वाले 8वीं ग्रेड के विद्यार्थी और ग्रेड 9-12 | 1 जून – 30 जून (भिन्न) | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| AP ब्रिज कैंप | ग्रेड 9-12 | जुलाई का पहला सप्ताह | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| समर ब्रिज कैंप | 6ठी और 9वीं कक्षाओं में प्रवेश कर रहे विद्यार्थी | जुलाई --(भिन्न) | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| विशेष शिक्षा ESY | विशेष शिक्षा विद्यार्थी (प्री-K-12) | 7 जून – 16 जुलाई | डिस्ट्रिक्ट मिश्रित |
| स्कॉलर्स एकेडमी | ग्रेड 3-8 | 7 जून – 30 जून | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| सेरेंडीपिटी | ग्रेड 1-6 | जून | डिस्ट्रिक्ट वर्चुअल |
| टाइटल I संवर्धन कार्यक्रम | ग्रेड K-12 -- लर्निंग बैकपैक | जुलाई | स्थानीय स्कूल मिश्रित |
| लिटरसी कैंप | ग्रेड K-2 | 7 जून – 30 जून | स्थानीय स्कूल मिश्रित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| माय ब्रदर्स कीपर | MBK विद्यार्थी | 28 जून – 2 जुलाई, 2021 | डिस्ट्रिक्ट मिश्रित |
| एविएशन कैंप | ग्रेड 4-6 | 21 जून – 2 जुलाई, 2021 | डिस्ट्रिक्ट मिश्रित |
| STEM इज़ LIT | ग्रेड 6-8 | 19 जुलाई – 29 जुलाई, 2021 | मिश्रित |
| CTAE संवर्धन | भिन्न | जून/जुलाई | मिश्रित |
| लर्निंग बैकपैक (साक्षरता संवर्धन) | ग्रेड प्री-K से 2 | जून - जुलाई | घर |
| अस्वीकरण: संवर्धन, सुधार, क्रेडिट पुनरप्राप्ति, और वृद्धि के लिए ग्रीष्म ऋतु शिक्षा अवसर COVID-19 स्वास्थ्य परामर्श से संबंधित हालिया राज्य, स्थानीय, और डिस्ट्रिक्ट मार्गदर्शन पर निर्भर करते हैं. तिथियों में बदलाव किया जा सकता है। | | | |
| नोट:<br>• आमने-सामने के कार्यक्रम पॉड में शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच 1:15 के अनुपात में प्रदान किए जाएंगे।<br>• मिश्रित कार्यक्रमों में वर्चुअल और आमने-सामने के सत्र शामिल किए जाएंगे। | | | |

## 2021-2022 स्कूल वर्ष

DSCD द्वारा 2021-2022 स्कूल वर्ष की योजना बनाते हुए हम अपने विद्यार्थियों और शिक्षकों की आवश्यकताओं पर विचार कर रहे हैं। यह ज़रूरी है कि हम अगले वर्ष विद्यार्थियों के परिणामों और सभी विद्यार्थियों के लिए 5 दिन चलने वाली पूर्ण-कालिक, -व्यक्तिगत शिक्षा के लिए योजना बनाने पर ध्यान केंद्रित करते रहें। जबकि डिस्ट्रिक्ट का ध्यान व्यक्तिगत शिक्षा के ऊपर केंद्रित है, हमें मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों को एक विकल्प के तौर पर वर्चुअल दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने के लिए FLEX अकादमी का विस्तार करने पर भी खुशी हो रही है। यह वर्चुअल विकल्प FLEX अकादमी का एक विस्तार होगा, लेकिन जो प्रत्येक होम स्कूल से जुड़ा हुआ होगा।

2021-2022 स्कूल वर्ष के संबंध में हमारे DCSD समुदाय से विचार और आइडिया प्राप्त करने के प्रयास में, हम अप्रैल 27-29 को क्षेत्रीय/समुदाय टाउन हॉल का आयोजन करेंगे। कृपया अपने कैलेंडर पर ये तारीख चिह्नित करें और नीचे दी गई सारणी के आधार पर वर्चुअल बैठकों में उपस्थित होने की योजना बनाएं।

वर्चुअल बैठकों में उपस्थित होने के लिए क्षेत्रों पर क्लिक करें।

| क्षेत्र | क्षेत्र अधीक्षक | तारीख | समय |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र 1 | Mrs. Melanie Pearch | 27-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 2 | Mr. Trenton Arnold | 28-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 3 | Dr. Sean Tartt | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 4 | Dr. Antonette Campbell | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 5 | Dr. Triscilla Weaver | 27-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 6 | Dr. Candace Alexander | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |
| क्षेत्र 7 | Dr. Rodney Swanson | 29-अप्रैल | सुबह 06:00 बजे |

## अंग्रेज़ी के विद्यार्थी कार्यक्रम

DCSD हमारे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग जारी रखे हुए है। डिस्ट्रिक्ट यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारे अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों के परिवारों को आवश्यक संसाधन प्राप्त हों जिससे कि विद्यार्थी लक्ष्य हासिल कर सफलता की राह पर आगे बढ़ते चलें।

एक मजबूत ELL कार्यक्रम का निर्माण जारी रखने के लिए, डिस्ट्रिक्ट द्वारा *La Vision* के साथ सबसे पहले हिस्पैनिक टीवी और रेडियो कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मासिक कार्यक्रम को La Vision रेडियो और Facebook पर देखा जा सकता है।

डिस्ट्रिक्ट पैनलिस्टों के साथ ELL सम्मेलन में भी भाग लेगा जो संचार रणनीतियों, परिवार सहभागिता, और रैपअराउंड सेवाओं पर चर्चा करेंगे। हमारे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मासिक प्रभाव बैठक आयोजित करने के अलावा; इन गर्मियों के दौरान डिस्ट्रिक्ट द्वारा डिस्ट्रिक्ट-वार अंतरराष्ट्रीय त्योहार आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान हमारे अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों के परिवारों को सम्मानित किया जाएगा!

## Georgia Milestones

हमारे अधिकतर विद्यार्थियों के लिए यह माह महत्वपूर्ण रहा है क्योंकि इस दौरान Georgia Milestones एंड-ऑफ-ग्रेड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। मैं अपने सभी विद्यार्थियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहूंगी! परीक्षा को लेकर परेशान नहीं हों। Dr. Benjamin Spock की इस बात को ध्यान में रखें, “स्वयं पर विश्वास रखें, आप जितना सोचते हैं उससे बहुत अधिक की जानकारी रखते हैं।”

## पृथ्वी दिवस

22 अप्रैल को, DCSD ने Fernbank साइंस सेंटर और हमारी पोषण सेवाएं के सहयोग से पृथ्वी दिवस मनाया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मैं आशा करती हूँ कि सभी ने थोड़ा समय निकाल कर पृथ्वी के लिए कुछ विशेष किया होगा, जैसे बगीचे में पौधा या वृक्ष लगाना, रीसाइकलिंग बिन की शुरुआत करना, या किस नए फल या सब्जी को आज़माने के लिए स्थानीय सब्जी मंडी जाना। हमें हर दिन पृथ्वी दिवस के तौर पर मनाना चाहिए!

## प्रशासनिक व्यवसायी दिवस

21 अप्रैल को, हमने पूरे डिस्ट्रिक्ट में हमारे शानदार प्रशासनिक कर्मचारियों का सम्मान किया। मैं सभी प्रशासनिक व्यवसायियों का उनके कार्य के लिए धन्यवाद करना चाहती हूँ। हमारे डिस्ट्रिक्ट की सफलता आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण का नतीजा है। धन्यवाद! आपके बिना हम अधूरे हैं!

आपका सप्ताह शुभ हो!